बुधवार
04 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण
केशव टाइम्स
आपकी आवाज



भोजपुर में चुनावी रंजिश को लेकर मारपीट में स्नातक के छात्र की मौत, हंगामा व रोड जाम 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

### बिहार मंत्रिपरिषद की वर्ष की पहली मीटिंग में 17 एजेंडों पर लगी मुहर

# कक्षा एक से मैट्रिक तक के विद्यार्थियों को प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप देगी सरकार



**केटी न्यूज/पटना**

समाधान यात्रा पर निकलने से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कैबिनेट की मीटिंग बुलाई। नए साल में बुलाई गई कैबिनेट मीटिंग में कई महत्वपूर्ण एजेंडों पर मुहर लगी। मंत्रिपरिषद की मीटिंग में कुल 17 एजेंडों पर मुहर लगी है। प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सजा वार बंदि?ों को विशेष परिहार का लाभ देकर कारा मुक्त करने की स्वीकृति दी गई है। थरूहट विकास योजना के तहत 29 करोड़ 28 लाख 35000 की अनुदान की स्वीकृति दी गई है। इस राशि से थारू जनजाति के व्यक्तियों को आर्थिक विकास के साथ-साथ थारू क्षेत्र के आधारभूत संरचनाओं का विकास होगा। कक्षा 1 से 10 तक पढ़ाई कर रहे हैं पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के 1.25 करोड़ छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के संचालन शिक्षा विभाग के माध्यम से कराने की स्वीकृति मिली है। जिसका खर्च सरकार उठाएगी।

राज्य के नगर निगम क्षेत्र में नगर पालिका क्षेत्र विज्ञापन नियमावली-2023 के प्रारूप पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति दी गई है। इसके फलस्वरूप नगर निकाय क्षेत्रों में विज्ञापन का प्रदर्शन को विनियमित किया जा सकेगा। ट्रैफिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी। शहर के सौंदर्य में वृद्धि होगी तथा नगरपालिका के राजस्व का दायरा बढ़ेगा। औद्योगिक क्षेत्र विकास के तहत 416 करोड़ 55 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति एवं 195 करोड़ 71 लाख की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई है। सामान्य चावल के स्थान पर फोर्टिफाइड चावल आपूर्ति करने के लिए भारत सरकार से मान्यता प्राप्त आपूर्तिकताओं से एसएफसी द्वारा निर्धारित दर पर फोटीफाईड चावल कर्नल प्राप्त कर फोर्टिफाइड चावल तैयार कराने की स्वीकृति दी गई है।

- समाधान यात्रा पर निकलने से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मास्टर स्ट्रोक
- नगर निकाय क्षेत्रों में अब विज्ञापन का प्रदर्शन किया जा सकेगा विनियमित
- जेपी नड्डा के आगमन पर सीएम बोले; हर पार्टी को घुमने का है अधिकार

वहीं, दूसरी ओर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र स्थित ज्ञान भवन में जल-जीवन-हरियाली दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का पौधे में जल अर्पण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल-जीवन-हरियाली दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सभी लोगों ने इस अभियान के मकसद से जुड़ी अपनी बातें रखी है। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए कई योजनाओं का शुभारंभ भी किया।

## राज्य में जैविक कॉरिडोर के तहत 13 चयनित जिलों के लिए योजना व राशि स्वीकृत

बिहार के 13 जिलों में जैविक कॉरिडोर के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 से 24-25 तक 3 वर्षों के लिए कुल 104 करोड़ 36 लाख की योजना की स्वीकृति दी गई हैं।

साथ ही, चालू वित्तीय वर्ष में 41 करोड़ 92 लाख रुपए की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई है। ग्रामीण कार्य विभाग के तहत 38 जिलों के लिए 1467 किलोमीटर अन्य ग्रामीण पथों को सम्मिलित करने के लिए राज्य सरकार की सहमति मिली है। निगरानी विभाग के कार्यपालक अभियंता अरुण कुमार ठाकुर को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद अगले 2 वर्षों तक नियोजित करने की स्वीकृति मिली है।

## विशेष परिहार के तहत बंदी होंगे रिहा

बैठक में चर्चा की गई कि राज्य परिहार पर्षद 26 जनवरी एवं 15 अगस्त के अवसर पर राज्य के सभी जेलों के सजावार बंदियों को विशेष परिहार का लाभ देकर रिहा करने के प्रस्ताव पर सहमति देती है। विशेष परिहार का लाभ प्राप्त करने वाले सजावार बंदियों की रिहाई, निर्धारित योग्यता के आधार पर किया जाएगा। सप्तदश बिहार विधानसभा के सप्तम सत्र तथा विधान परिषद के 202 वें सत्र की समाप्ति पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति मिली है।

## 136 पदों के सृजन की दी गई है स्वीकृति

पटना जिले के बाढ़, मसौढ़ी, पालीगंज एवं दानापुर अनुमंडल को मद्य निषेद, उत्पाद क्षेत्र के रूप में सृजित करते हुए सभी नवसृजित कार्यालय की स्थापना हेतु कुल 136 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। तारामंडल विज्ञान संग्रहालय दरभंगा के संचालन के लिए 12 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। राजकीय पॉलिटेक्निक भागलपुर के लिए 29 शैक्षणिक, 31 तकनीकी 16 गैर शैक्षणिक यानि कुल 76 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है।

# राजनीतिक अटकलें... कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा से सीएम नीतीश ने बनाई दूरी

### पार्टी के रूट चार्ट के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे दिखायेंगे यात्रा को हरी झंडी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में पांच जनवरी से कांग्रेस की भारत जोड़ो पदयात्रा प्रारंभ हो रही है। जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, पांच जनवरी से प्रारंभ होने वाली यात्रा 10 जनवरी तक बांका, भागलपुर, और खगड़िया में रहेगी। इस बीच सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश ने इस यात्रा में शामिल नहीं होने के संकेत दे दिया है। मुख्यमंत्री के इस फैसले से बिहार की राजनीति में एक बार फिर से असमंजस की स्थित बन गई है। दो दिन पूर्व नीतीश कुमार ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि उन्हें प्रधानमंत्री पद की लालसा नहीं है और पीएम को लेकर राहुल गांधी की उम्मीदवारी से भी कोई आपत्ति नहीं है। इस बीच भारत जोड़ो यात्रा से नीतीश कुमार और जदयू की दूरी को लेकर सियासत तेज हो गई है।



**एक लाख लोगों के भाग लेने का दावा किया :** यात्रा के रूट चार्ट के अनुसार पांच जनवरी से भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में एक जनसभा होगी। जिसमें एक लाख लोगों के भाग लेने का पार्टी ने दावा किया है। पांच जनवरी को पहले दिन साढ़े सात किमी की यात्रा तय होगी। भेरा मोड़ पर बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए यात्रा की शुरूआत होगी। साढ़े सात किमी की यात्रा के बाद पार्टी के पूर्व प्रत्याशी जीतेंद्र सिंह के आवास पर रात्रि विश्राम होगा। इसके अगले दिन छह जनवरी को ढ़ाका मोड, चानन नदी, विजय नगर चौक, सर्किट हाउस रोड, गांधी आश्रम, अमरपुर रोड, सामुखिया मोड होते हुए सार्वजनिक इंटर कालेज सर्वोदय नगर, बांका में रात्रि विश्राम करेगी।

## संगम में दूषित पानी ने बढ़ाई चिंता

**प्रयागराज।** धर्मनगरी प्रयागराज में दो दिन बाद से माघ मेले की शुरूआत हो रही है। तकरीबन डेढ़ महीने तक चलने वाले आस्था के सबसे बड़े मेले में देश दुनिया से तकरीबन पांच करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद जताई जा रही है लेकिन मेला शुरू होने से ठीक पहले संगम और उसके आस-पास का गंगाजल इतना प्रदूषित होकर आ रहा है कि उसका रंग कहीं काला तो हीं मटमैला सा नजर आ रहा है। गंगा की धारा के इस स्वरूप को देखकर साधु-संतों से लेकर कल्पवासियों और दूसरे श्रद्धालुओं में जबरदस्त नाराजगी है।

## जहरीली शराब कांड की सीआईडी करेगी जांच

**पटना।** दिसंबर माह सारण जिले में हुए जहरीली शराब कांड के दो केस की जांच अब बिहार पुलिस की उक्ककरेगी। इसके लिए मद्य निषेध इकाई को जिम्मा सौंप दिया गया है। मंगलवार को पुलिस मुख्यालय की तरफ से इस संबंध में एक आदेश जारी किया गया है। दरअसल, जहरीली शराब कांड से अकेले सारण जिले में 78 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद राज्य सरकार और उनकी पूर्ण शराब बंदी की नीतियों पर सवाल उठने लगे थे। राज्य सरकार की बड़े स्तर पर किरकिरी हुई थी। बवाल इस कदर हुआ कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम को भी हस्तक्षेप करना पड़ा।

सारण जिले के मशरख और इसुआपुर थाना में केस दर्ज हुआ था। इसकी जांच अब तक सारण पुलिस की एसआईटी कर रही थी। कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मगर, राज्य सरकार ने इस कांड को बेहद गंभीरता से लिया। हर एंगल से इस कांड की जांच करवाने का आदेश डीजीपी राजविंदर सिंह भट्टी को मुख्यमंत्री की तरफ से दिया गया। इसके बाद ही मशरख थाना में दर्ज केस 583/22 और इसुआपुर थाना में दर्ज केस 280/22 की जांच अब सीआईडी से कराने का निर्णय लिया गया। जल्द ही मद्य निषेध इकाई की तरफ से एक स्पेशल टीम जांच के लिए बनाई जाएगी।

## राजधानी में आठवीं की छात्रा से गैंगरेप

**पटना।** राज्य की राजधानी पटना में पांच युवकों ने एक नाबालिग छात्रा से गैंगरेप किया। छात्रा कोचिंग से घर लौट रही थी। इसी दौरान उसका अपहरण कर लिया। छात्रा को सुनसान जगह पर स्थित एक कमरे में ले जाकर पांचों ने रेप किया। छात्रा आठवीं में पढ़ती है। युवकों ने उसे मंदिर के पास छोड़कर भाग गए। लड़की के बयान के आधार पर पटना के बाईपास थाने में 5 युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। लड़की के परिवार के मुताबिक लड़की बाईपास इलाके में स्थित एक कोचिंग में पढ़ती है। वह सोमवार शाम को कोचिंग गई थी, लेकिन नहीं लौटी। मंगलवार सुबह छात्रा की गुमशुदगी दर्ज कराने बाईपास थाने गए। इसी बीच लापता लड़की के बारे में फोन पर इसकी सूचना पुलिस को दी। परिवार के लोग पुलिस के साथ वहां पहुंचे। लड़की वहां रोते हुए मिली। उसे इलाज और मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा गया।

# भारत में चीन वाले कोरोना वैरिएंट के अलावा एक्सबीबी मामले सबसे अधिक

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कोरोना के बढ़ते हुए मामलों ने भारत की चिंताएं बढ़ा दी हैं। भारत में चीन वाले कोरोना वैरिएंट के अलावा एक्सबीबी के मामले भी देखे जा रहे हैं। इसी बीच इंडियन सार्स सीओवी-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) ने अपने बुलेटिन में कहा कि कोविड-19 वैरिएंट ओमिक्रोन और इसका वैरिएंट 'एक्सबीबी' भारत में बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है। बुलेटिन के मुताबिक ओमिक्रॉन के सब वेरिएंट के मामले 63 फीसदी से ज्यादा हैं।



आईएनएसएसीओजी ने कहा है कि कुल मिलाकर संक्रमण दर प्रति दिन 500 से नीचे है। भारत में जहां एक तरफ एक्सबीबी ने चिंता बढ़ा रखी है, वहीं दूसरी तरफ कोरोना के वैरिएंट बीए.2.75 ने भी सबको डरा रखा है। हालांकि, इस दौरान बीमारी की गंभीरता या अस्पताल में भर्ती होने में कोई बढ़ोतरी नहीं देखी गई है। ऐसे में अन्य देशों में बढ़ते कोरोना के मामलों के बीच भारत ने बचाव के लिए कदम उठाना शुरू कर दिए हैं।

एक्सबीबी ओमिक्रॉन के सब-लाइनेज बीजे.1 और बीए.2.75 से मिलकर बना है। इसे रिकॉम्बिनेंट वैरिएंट कहा जाता है। वहीं, एक्सबीबी.1, एक्सबीबी का सब-लाइनेज है। ब्रिटेन, अमेरिका और सिंगापुर में कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। चीन में भी कई शहरों में फिर से लॉकडाउन लगने लगा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि कोरोना के मामलों में उछाल की वजह एक्सबीबी हो सकता है। एक्सबीबी और एक्सबीबी.1 सिंगापुर, बांग्लादेश, यूरोप और उत्तरी अमेरिका में मिला है। सिंगापुर में कोरोना के मामले तो लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं।

जब एक ही समय में दो या उससे ज्यादा वायरस किसी सेल को संक्रमित करते हैं, तो रिकॉम्बिनेंट वैरिएंट बनता है। हालांकि, रिकॉम्बिनेंट वैरिएंट का संक्रमण रेयर है, फिर भी ये हो सकता है। एक्सबीबी वैरिएंट के भी अन्य वैरिएंट की तरह कुछ कॉमन लक्षण हैं।

## हाईकोर्ट ने सरकार पर लगाया जुर्माना

**पटना।** हाईकोर्ट ने स्टेट एंप्लॉयमेंट कमिटी और मैनेजिंग कमिटी मानीसना वेज बोर्ड, बिहार पटना के अध्यक्ष का वेतन निर्धारण के मामले में राज्य सरकार द्वारा स्पष्ट जवाब नहीं दिए जाने राज्य सरकार पर दस लाख रुपए का अर्थदंड लगाया है। जस्टिस पी वी बजंत्री की खंडपीठ ने विजय कुमार सिंह द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित दिया। याचिकाकर्ता स्टेट एंप्लॉयमेंट कमेटी के साथ-साथ मैनेजिंग कमेटी मनीसना वेज बोर्ड बिहार के अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। इन्होंने हाईकोर्ट में स्टेट एंप्लॉयमेंट कमेटी के चेयरमैन के वेतन और भत्ते के लिए पहले एक याचिका दायर की थी। इनकी याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट के निदेर्शानुसार मुख्य सचिव के वेतन के समान इन्हें वेतन भत्ता और सुविधा दिया गया। जब यह उस पद से हटे, तो मैनेजिंग कमेटी मनीसना वेज बोर्ड के चेयरमैन के पद पर कार्य करने की अवधि का वेतन के लिए हाई कोर्ट में याचिका दायर किया।




### ऑस्ट्रिया दौरे के दौरान भारत और चीन के बीच तनावपूर्ण स्थिति पर खुलकर बोले विदेश मंत्री

# चीन ने समझौतों का पालन नहीं किया: एस जयशंकर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि चीन ने सीमा मुद्दों पर भारत के साथ हुए समझौतों का पालन नहीं किया है। जयशंकर ने कहा कि चीन ने एलएसी पर एकतरफा बदलाव की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इसी वजह से दोनो पड़ोसियों के बीच तनावपूर्ण स्थिति है। विदेश मंत्री जयशंकर इन दिनों ऑस्ट्रिया के दौरे पर हैं। उन्होंने सोमवार को ऑस्ट्रिया के राष्ट्रीय प्रसारक ओआरएफ को इंटरव्यू दिया था। इंटरव्यू में जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन के बीच सीमा के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सुरक्षा बल नहीं रखने को लेकर समझौते हुए हैं।



उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि हालांकि चीन ने उन समझौतों का पालन नहीं किया, और यही वजह है कि हमारे बीच वर्तमान में तनावपूर्ण स्थिति है। जयशंकर ने कहा कि हमारा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को एकतरफा ढंग से नहीं बदलने का समझौता था, जिसे चीन ने एकतरफा ढंग से बदलने की कोशिश की है।

**चीन के लिए कहना बहुत मुश्किल है :** जयशंकर ने कहा कि चीन के लिए ये कहना मुश्किल होगा की भारत ने समझौते का पालन नहीं किया। चीन भारत को सीमा समझौता के लिए दोषी ठहरा सकता है, लेकिन सेटलाइट इमेज साफ-साफ दिखा सकते हैं कि गलती किसकी है। उन्होंने कहा कि सेटलाइट इमेज से आप साफ देख सकते हैं कि सीमा क्षेत्रों में सेना को सबसे पहले किसने भेजा। विदेश मंत्री ने कहा कि मझे लगता है कि रिकॉर्ड बहुत साफ है। इसलिए, आपने जो कहा, वह चीन के लिए कहना बहुत मुश्किल है। 9 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक एलएसी पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी जिसमें दोनों पक्षों के कुछ कर्मियों को मामूली चोटें आईं।

## युद्ध थोपा गया, तो हम लड़ेंगे: रक्षा मंत्री

वहीं, तवांग में चीनी सेना से हुई झड़प के बाद अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर गए रक्षा मंत्री ने एलएसी पर दो टूक कह दिया है कि अगर देश पर युद्ध थोपा गया तो हम लड़ने से पीछे नहीं हटेंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे सैनिकों ने प्रभावी ढंग से दुश्मन का सामना किया। अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले में बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) के बनाए पुल के उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ कहा कि भारत सदैव युद्ध के खिलाफ रहा है। हम युद्ध में विश्वास नहीं करते, लेकिन अगर हम पर थोपा जाता है तो हम लड़ेंगे।

## खबरें फटाफट

### पूर्व विधायक सुनील पांडेय की हुई पेशी

**सासाराम।** जिले में व्यवहार न्यायालय में लूट एवं चोरी से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में मंगलवार को बाहुबली विधायक सुनील पांडेय की पेशी हुई। एमपी-एमएलए मामलों के विशेष न्यायाधीश सह सबजज प्रथम राघवेन्द्र नारायण सिंह के न्यायालय में पूर्व विधायक की पेशी हुई। बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 70/1998 एवं काराकाट कछवा थाना कांड संख्या 09/1999 से जुड़े हैं।इस मामले में कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर मंडल कारा में बंद पूर्व विधायक सुनील पांडेय को कोर्ट में उपस्थित कराने के लिए उपस्थिति वारंट जारी किया था। उत्तर प्रदेश पुलिस ने दोपहर एक बजे पुर्व विधायक को भारी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेशी कराई। पेशी के बाद यूपी पुलिस फिर उन्हें साथ ले गई।

### दक्ष प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**सासाराम।** जिले में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार, पटना के तत्वावधान में जिला स्तरीय विद्यालय खेल कार्यक्रम दक्ष प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 16, 17 एवं 18 जनवरी को जिला मुख्यालय सासाराम के न्यू स्टेडियम फजलगंज में होगा। इस संबंध मे डीएम सह अध्यक्ष जिला स्तरीय विद्यालय खेल कार्यक्रम दक्ष प्रतियोगिता धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्णय लिए गए। बैठक में सभी बीडीओ भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता मे सभी खेलों के चयनित खिलाड़ी प्रखंडों की टीम से शामिल होंगे। प्रतियोगिता तीन आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी यथा बालक और बालिका अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के 12वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकेंगे।

### 24 घंटे बाद भी नहीं मिला बच्चे का शव

**सासाराम।** जिले के डेहरी में सोमवार को नहर किनारे बेर तोड़ने गया बच्चा नहर में डूब गया। वहीं घटना के 24 घंटे बाद भी शव बरामद नहीं किया जा सका है। प्रशासन द्वारा असहयोग का आरोप लगाते हुए मंगलवार को परिजनों एवं ग्रामीणों ने डेहरी-रोहतास एनएच-टूसी को जाम कर दिया है, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई है। परिजनों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा नहर बंद कराने का आश्वासन देने के बाद भी नहर नहीं बंद कराया गया, ना ही गोताखोरों को बुलवा कर शव की खोज की जा रही है। विरोध में दो घंटे से सड़क जाम है। पुलिस मौके पर पहुंच लोगों का समझा-बुझा रही है। अभी कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचे है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं, जिससे पुलिस को जाम खत्म करने में दिक्कत हो रही है। ज्ञात हो कि सोमवार को डेहरी नगर थाना के न्यूडिलियां स्थित हदहदवा पुल के समीप नहर किनारे लगे बैर के पेड़ से फल तोड़ने के क्रम में पैर फिसलने से एक आठ वर्षीय बच्चा नहर में गिरकर डूब गया था।

# माह के पहले सप्ताह में 0 से 6 साल तक के बच्चों की वृद्धि की होगी निगरानी

- फरवरी माह से माह का पहला सप्ताह वृद्धि निगरानी सप्ताह के रूप में मनेगा
- बच्चों को कुपोषण से बचाने में होगा कारगर

**केटी न्यूज/आरा**

राज्य में बाल कुपोषण पर लगाम लगाने के लिए आईसीडीएस द्वारा कई स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। जिसमें आंगनवाड़ी केंद्रों पर नियमित रूप से बच्चों की वृद्धि निगरानी एक महत्वपूर्ण सेवा है। इस संबंध में मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से आईसीडीएस के सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्येवेक्षिका व आंगनवाड़ी कार्यकताओं का उन्मुखीकरण किया गया।

**फरवरी माह से शुरू होगी वृद्धि निगरानीः** प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, आईसीडीएस के निदेशक कौशल किशोर ने कहा कि प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में शून्य से छह साल तक के बच्चों की वृद्धि निगरानी की जाएगी। इसे फरवरी माह से शुरू किया जाएगा, जिसे वजन सप्ताह या वृद्धि निगरानी सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की वृद्धि की बेहतर निगरानी करने की है। योजना के छह मुख्य घटकों में वृद्धि निगरानी एक महतवपूर्ण घटक है। बच्चों के लिए 6 साल तक का समय



वर्चुअल उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शामिल राज्यस्तरीय अधिकारी

महतवपूर्ण होता है। विशेषकर दो साल तक के बच्चों की निगरानी अधिक जरुरी हो जाती है। वहीं, बच्चों की वृद्धि निगरानी के जरिए कुपोषित एवं अति-कुपोषित बच्चों की पहचान होगी एवं उन्हें बेहतर रेफरल सेवाएं प्रदान की जा सकेगी। वृद्धि निगरानी सप्ताह मानाने का उद्देश्य यह भी है कि बच्चों के अभिभावकों को ससमय सुधार हेतु सही परामर्श दिया जा सके।

## वृद्धि निगरानी कुपोषण से निजात दिलाने में सहायकः

यूनिसेफ की पोषण पदाधिकारी शिवानी डार ने बताया कि आंगनबाड़ी सेवाओं में वृद्धि निगरानी एक प्रमुख सेवा है। बच्चों के शारीरिक वृद्धि से मानसिक विकास भी संबंधित है। प्रत्येक माह वृद्धि निगरानी करने से हम सही समय पर वृद्धि अवरोधों को जान सकते हैं। इससे सही समय पर इसका निदान भी किया जा सकता है।उम्र के हिसाब से बच्चों के वजन, लंबाई एवं ऊँचाई में वृद्धि होती है. इसलिए नियमित अन्तराल पर बच्चों की वृद्धि की सही निगरानी करना जरुरी है। छोटे बच्चों में शारीरिक वृद्धि बहुत तेजी से होती है। इसे ध्यान में रखते हुए 2 साल से कम उम्र के बच्चों की वृद्धि की शत-प्रतिशत निगरानी करनी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। गरीब समुदाय या सुदूर क्षेत्र में रहने वाले बच्चों में कुपोषण की संभावना अधिक होती है। इसलिए ऐसे बच्चों को लक्षित करना भी जरुरी है।

**कुपोषण है एक बड़ी समस्या :** इस दौरान समाज कल्याण विभाग के सचिव प्रेम सिंह मीना ने बताया कि राज्य में कुपोषण एक बड़ी समस्या है। इस लिहाज से इसपर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। इससे निजात पाने के लिए विभिन्न दिशा-निर्देश भी दिया गया है, जिसमें विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से सरलता से जानकारी दी गयी है। दिशा निर्देश में अलग से निगरानी फॉर्मेट भी दिया गया है जिसे समुदाय भ्रमण के दौरान भरना भी जरुरी है। राज्य के बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के संकल्प को मजबूत करने में वृद्धि निगरानी काफी कारगर साबित होगा। कार्यक्रम में पोषण अभियान के राज्य नोडल पदाधिकारी रिफत अंसारी, पोषण सलाहकार मनोज कुमार, डॉ. संदीप घोष एवं संतोष गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं, जिले की डीपीओ माला कुमारी, राष्ट्रीय पोषण मिशन के डीसी पीयूष पराग यादव व डीपीए नेकी आलम, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के डीपीसी मोहम्मद तैयब अहमद व डीपीए कल्याणी कुमारी समेत सभी परियोजनाओं की सीडीपीओ कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ी रही।

## मृत छात्र नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद का समर्थक, पूर्व पार्षद के लोगों पर आरोप

# भोजपुर में चुनावी रंजिश को लेकर मारपीट में स्नातक के छात्र की मौत, हंगामा व रोड जाम

- हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के दस लोगों को आयी थी गंभीर चोट
- मारपीट और छात्र की मौत के बाद दोनों पक्षों में तनाव गहराया, पुलिस चौकस
- दोनों पक्षों ने दर्ज करायी नामजद प्राथमिकी, धरपकड़ में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के टाउन थाना क्षेत्र के एमपी बाग मोहल्ले में चुनावी रंजिश को लेकर मारपीट में जख्मी स्नातक के छात्र की मौत हो गयी। पटना के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। रविवार की रात दो पक्षों के बीच मारपीट में उसे गंभीर चोटें आयी थी। मृत छात्र एमपी बाग वार्ड नंबर 10 निवासी स्व. विनोद प्रसाद का 20 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार उर्फ रितेश कुमार था।

उसका परिवार नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद का समर्थक बताया जा रहा है। मारपीट और हत्या करने का आरोप पूर्व पार्षद के पक्ष के लोगों पर लगाया जा रहा है। पीएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, छात्र की मौत के बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा। गुस्साए लोग आरोपितों सड़क पर उतर गये और जमकर हंगामा किया। गिरफ्तार की मांग को लेकर पुलिस लाइन तीन मुहान शव के पास शव के साथ सड़क जाम कर दिया गया। टायर जलाकर प्रदर्शन भी किया गया। सूचना मिलने पर टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये हैं और लोगों का समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

**पूर्व और नवनिर्वाचित पार्षद के लोगों के बीच रविवार की रात हुई थी हिंसक झड़प :** बताते चलें कि रविवार की देर रात पूर्व और नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद के समर्थकों के बीच चुनावी रंजिश में हिंसक झड़प हुई थी। उसमें नितेश कुमार उर्फ रितेश सहित दोनों पक्ष के 10 लोग जख्मी हो गए थे। उसमें गंभीर रूप से जख्मी नितेश को पटना रेफर कर दिया गया था। अन्य का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। उससे पहले दिन में भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। तब मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले को शांत करा दिया गया था। लेकिन रात में फिर झड़प हो गयी। वहीं मारपीट को लेकर दोनों पक्षों की ओर से नामजद प्राथमिकी भी दर्ज करा दी गयी है। हालांकि इस मामले में अबतक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस आरोपितों की धरपकड़ को लेकर छापेमारी कर रही है। वहीं हिंसक झड़प और छात्र की मौत के बाद तनाव गहरा गया है।


मोहल्ले से निकाली जाती मृत छात्र नितेश की शव यात्रा


टायर जला कर सड़क जाम करते गुस्साए युवा

### छात्र को घर से खींच कर पीट-पीटकर की हत्या

मृत छात्र किी मां बेबी देवी ने बताया कि पूर्व वार्ड पार्षद इस बार चुनाव हार गयी थी। उसको लेकर उनके परिवार और पासी टोला के कुछ लोग उनके घर के खिड़की पर पत्थर मार रहे थे। आवाज सुनकर उनका पुत्र नितेश घर से बाहर निकला और उसने पूछा कि तुमने खिड़की पर पत्थर क्यों मारा? उस पर उन लोगों ने कहा कि तुमने चुनाव में वोट क्यों नहीं दिया? उसके बाद नितेश को घर से बाहर खींच कर ले गये और लाठी-डंडे से नितेश कुमार की जमकर पिटाई कर दी गयी। सर पर पत्थर से मार दिया गया। उसमें वह बुरी तरह जख्मी हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे पटना रेफर किया गया था। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### दोनों भाइयों में बड़ा था नितेश

बताया जा रहा है कि छात्र नितेश अपने दो भाई भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में मां बेबी देवी, भाई सूरज और बहन चंदा कुमारी है। उसके पिता विनोद प्रसाद की 2018 में तबीयत खराब होने के कारण मृत्यु हो गई थी। इधर, पिता की मौत के पांच साल बाद बड़े बेटे की हत्या के बाद उसके के घर में कोहराम मच गया है। मां देवी देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## दो पक्षों में मारपीट और फायरिंग स्नातक के छात्र को लगी गोली

- कोचिंग संस्थान के समीप झगड़ा कर रहा था दो पक्ष, पढ़ने गये छात्र बन गया शिकार

आरा। शहर में नवादा थाना क्षेत्र के जैन कॉलेज के नजदीक स्थित कनकपुरी मोहल्ले में मंगलवार की सुबह कोचिंग करने गये स्नातक के एक के छात्र को गोली लग गयी। दो पक्षों के झगड़े के दौरान मारपीट और फायरिंग में छात्र को गोली लग गयी। गोली उसके दाहिने साइड कमर में लगी है, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज बाबू बाजार स्थित प्राइवेट

अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी छात्र नगर थाना क्षेत्र के मीराचक निवासी सीताराम शर्मा का 25 वर्षीय पुत्र सूरज शर्मा उर्फ गोलू शर्मा है। घटना के बाद इलाके में सनसनी मच गयी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गये। बाद में थानाध्यक्ष बाबू बाजार स्थित अस्पताल गये और जख्मी छात्र से पूछताछ कर घटना की पूरी जानकारी ली। पुलिस के अनुसार लड़की के विवाद में छात्र के दो पक्षों में झगड़े की बात सामने आ रही है। पुलिस झगड़ा करने वाले दोनों गुट के छात्रों की पहचान और धरपकड़ का प्रयास कर रही है। इसे लेकर पुलिस कोचिंग संस्थान के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

**पेशाब करने कोचिंग से बाहर निकला था छात्र, तभी चल गयी गोली :** इधर, जख्मी छात्र सूरज शर्मा उर्फ गोलू शर्मा ने बताया कि रोज की तरह मंगलवार की सुबह नौ बजे वह जैन कॉलेज के नजदीक अवधपुरी-कनकपुरी मोहल्ले में कोचिंग करने गया था। कुछ देर के बाद पेशाब करने वह कोचिंग के बाहर आया। तभी बुआ का लड़का मिल गया। दोनों बात करने लगे। वहां कुछ युवक आपस में झगड़ रहे थे और एक युवक को बेल्ट से पीट रहे थे। कुछ लोग पकड़ने के लिए शोर मचाने लगे। उसी दौरान बाइक सवार बदमाश पहुंचे और फायरिंग कर दी गयी। उसमें उसे गोली लग गयी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया और गिर पड़ा। उसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां से बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया।

## एक नजर

### आरा में कोर्ट कैंपस से पुलिस को चकमा देकर कुख्यात अपराधी आशीष पासवान हुआ फरार



आशीष की फाइल फोटो

**आरा।** आरा का कुख्यात बदमाश आशीष पासवान मंगलवार की दोपहर कोर्ट कैंपस से पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। बीमारी का बहाना बना एक से दूसरे कोर्ट जाने के दौरान वह फरार हो गया। आशीष पासवान आरा नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज का रहने वाला है। फिलहाल वह भागलपुर स्थित शहीद जुब्बा सहनी जेल में बंद था। पेशी के लिए मंगलवार को आरा कोर्ट आया था। इधर, उसके कोर्ट कैंपस से भागने की खबर से पुलिस महकमे में खलबली मच गयी। पुलिस उसकी गिरफ्तारी को लेकर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। मुख्यालय डीएसपी विनोद कुमार सिंह की ओर से उसके भागने की पुष्टि की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार आशीष पासवान हत्या सहित अन्य मामलों में पेशी के लिए मंगलवार को पुलिस सुरक्षा के बीच आरा कोर्ट आया था। उस दौरान पहले हत्या के मामले में उसकी पेशी हुई। उसके बाद उसे दूसरे कोर्ट में ले जाया गया। उस बीच वह किसी तरह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। उसके बाद सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों के हाथ-पांव फूल गया और आनन-फानन में तलाश शुरू कर दी गयी। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि फरार आशीष पासवान की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि आशीष पासवान बीमारी का बहाना कोर्ट से आरा जेल में रखने का अनुरोध कर रहा था। उस दौरान वह कोर्ट कैंपस में बार बार गिरने का बहाना भी कर रहा था। वह भागलपुर जिले प्रशासन मारपीट करने का आरोप भी लगा रहा था। उस दौरान कुछ देर के लिए वह अचेत भी हो गया था। उस पर कोर्ट द्वारा उसके इलाज कराने का आदेश भी दिया गया। इधर, उसके कोर्ट आने की सूचना पर कुछ समर्थक भी पहुंच गये थे। इधर, एक से दूसरे कोर्ट में पेशी के बाद उसने ऑफिस में काम होने की बात कही है। उसी बीच वह फरार हो गया।

### खटाल में काम करने वाले युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**आरा।** शहर के नवादा मोहल्ले में मंगलवार की शाम खटाल में काम करने वाले एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी। मृतक चांदी थाना क्षेत्र के नरवीरपुर गांव निवासी विनेश्वर नट का 21 वर्षीय बेटा नितेश कुमार नट था। वह नवादा मोहल्ले में स्थित एक खटाल में काम करता था। उसके चेहरे और पंजरी पर खरोच के निशान पाये गये हैं। वहीं मुंह और नाक से झाग निकला हुआ पाया गया है। उसके परिजन खटाल द्वारा खटाल संचालक पर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और छानबीन में जुट गयी है। विनेश्वर नट ने बताया कि उसका बेटा नितेश नवादा थाना क्षेत्र के खटाल में कार्य करता था। वह जब खटाल संचालक से पैसा की मांग करता था। तब संचालक पैसे देने में आनाकानी करता था। पैसे मांगने पर उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। वह भी पैसे लेने के लिए आते थे, तो खटाल संचालक द्वारा कहा जाता था कि वह अपने बेटे से मांगे। इस बीच मंगलवार की शाम सूचना दी गयी कि उसके बेटे की मौत हो गयी है। उसने खटाल संचालक पर ही हत्या करने का आरोप लगाया है। इधर, पुलिस ने पाइप गिरने से चोट लगने और ठंड के कारण मौत की आशंका जता रही।हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चलेगा। वैसे पुलिस अपने स्तर से हर एंगल से मामले की छानबीन कर रही है।

### पुआल की आग में मिला शव, नहीं हुई पहचान



**सासाराम।** जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के सासाराम-आरा रोड पर टेढ़की पुल के पास मंगलवार को लगी आग में एक जला शव बरामद किया गया है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया है। लगभग तीन बजे दोपहर में पुआल में आग लग गई थी। आग देख पहुंचे ग्रामीणों ने देखा कि आग में जला एक शव पड़ा है। शरीर पूरी तरह जलने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। ग्रामीणों द्वारा सूचना देने पर बिक्रमगंज की पुलिस मौके पर पहुंची। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि जिहो शव मिला है उस खेत पर विश्वनाथ पासवान नामक किसान द्वारा खेती की गई थी। उक्त किसान कशतर गांव का रहने वाला है और बटाई पर लेकर खेती की थी। उसने बताया कि आग लगने की सूचना पर जब वह अपने खेत में पहुंचा तो देखा कि जले पुआल में एक शव भी पड़ा हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव की पहचान किसी ग्रामीण द्वारा नहीं की गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्अमार्टम के लिए सदर अस्पाल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर जले पुआल में लाश मिलने को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा है। लोग संभावना जता रहे हैं कि बाहर से हत्या कर शव को यहां लाया गया, और सन्नाटा देख यहां पुआल में फेंक आग लगा दी गई, ताकि शव की पहचान नहीं हो सके।

## कोरोना के भय से नहीं बरतें मधुमेह की जांच में कोताही, नियमति रूप से कराएं एएनसी टेस्ट

# सलाह: मधुमेह से पीड़ित गर्भवतियों का उचित प्रबंधन जरूरी

- डायबिटीज के कारण प्रसूता के साथ-साथ गर्भस्थ शिशु को भी हो सकता है खतरा

**केटी न्यूज बक्सर**

कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं जनमानस अपने अपने स्तर से प्रयासरत हैं। गर्भावस्था में मधुमेह से पीड़ित महिलाएं अब शहरों के साथ गांवों में भी पाई जाने लगी हैं। इसलिए सरकार गैर-संचारी रोग कार्यक्रम के तहत ऐसे मरीजों को लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रही एवं इसके उचित प्रबंधन एवं उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर



जिला स्वास्थ्य इकाई पर विशेष सुविधा भी उपलब्ध करायी है।

सिविल सर्जन सह प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जितेंद्र नाथ ने बताया गर्भावस्था में मधुमेह से पीड़ित महिलाओं में यदि समय से उपचार नहीं हो तब आगे चलकर प्रसूता एवं गर्भस्थ शिशु में विभिन्न जटिलताएं हो सकती हैं एवं दोनों टाइप-2 मधुमेह से पीड़ित हो सकते हैं। इससे गर्भवती में संक्रमण, प्रसव अवधि में बढ़ोतरी, जटिलतापूर्ण प्रसव, सिजेरियन प्रसव, प्रसव के बाद गर्भाशय का सिकुड़ नहीं पाना एवं प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव जैसी जटिलतायें हो सकती हैं। जिससे प्रसूता की जान भी जा सकती है। गर्भावस्था जनित मधुमेह से गर्भस्थ शिशु को भी समस्या हो सकती है। इससे गर्भस्थ शिशु की मृत्यु, मृत शिशु का जन्म, बर्थ डिफेक्ट, बर्थ इन्जरी एवं नवजात शिशु में ग्लूकोज की कमी के साथ पहले तीन महीने में अचानक गर्भपात की सम्भावना 30 से 60 प्रतिशत तक हो सकती है।

**सभी गर्भवती महिलाओं के लिए जांच जरूरी :** सिविल सर्जन ने बताया कि गर्भवती महिला को पहली एएनसी के दौरान मधुमेह की जांच जरूर करानी चाहिए। जिसके लिए जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला अस्पताल में इसकी पूर्ण व्यवस्था करायी गयी है। साथ ही प्रत्येक महीने की नौवीं तारीख को समस्त जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत अन्य जांचों के साथ गर्भवती महिलाओं में मधुमेह की भी निःशुल्क जांच की जाती है। इसमें गर्भवती महिला को 75 मिलीग्राम ग्लूकोज का एक पैकेट 300 मिलीग्राम पानी में घोल कर पिलाने के 2 घंटे उपरान्त प्लाज्मा ग्लूकोज की जांच की जाती है। यदि जांच पॉजिटिव होता है, दिशा निदेर्शों के अनुसार उपचार की दिशा में कार्य किया जाता है।

**गर्भवस्था में मधुमेह का उपचारः** सिविल सर्जन ने बताया कि इसके उपचार के लिए सरकार द्वारा तीन व्यवस्थाएं की गयी हैं। पहला भोजन एवं पोषण संबंधित, दूसरा दवाई द्वारा एवं तीसरा इन्सुलिन इंजेक्शन के द्वारा। बताया कि गर्भावस्था में मधुमेह से पीड़ित महिला को पोषण संबंधी जानकारी दी जानी अति आवश्यक है। जिससे वह समझ सकें कि गर्भस्थ शिशु के विकास के लिए पोषण युक्त आहार क्या है, उपयुक्त वजन में बढ़ोत्तरी कितनी होनी चाहिए एवं खून में सामान्य ग्लूकोज स्तर को प्राप्त करने एवं बनाये रखने के लिए कितना और कौन सा भोजन लेना है। जिन मधुमेह पॉजिटिव महिलाओं का मधुमेह पोषण संबंधित उपचार से नियंत्रित नहीं होता उन्हें दवा दी जाती है।

CMYK

## खबरें फटाफट

### लाभुकों में दिसंबर माह का अनाज का वितरण शुरू

**बक्सर।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों को माह दिसम्बर 2022 हेतु खाद्यान्न का वितरण जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं द्वारा ई-पॉश के माध्यम से एक जनवरी 2023 से प्रारम्भ है। नियमित खाद्यान्न के तहत पीएचएच लाभुकों को प्रति सदस्य 01 किलो गेहूं एवं 04 किलो चावल तथा एएवाई लाभुकों को प्रति परिवार सात किलो गेहूं एवं 28 किलों चावल मुफ्त में दिया जा रहा है। लाभुकों से अनुरोध है कि अपने-अपने जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के यहां से सरकार द्वारा दिये जा रहे माह दिसम्बर 2022 के लिए खाद्यान्न प्राप्त करना सुनिश्चित करेंग। लाभुकों को कठिनाई होने पर अपने संबंधित प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा जिला आपूर्ति पदाधिकारी से सम्पर्क कर सकते है।

### उर्वरक उपलब्ध होने के बावजूद भटक रहे किसान

**बक्सर।** बक्सर जिले में उर्वरक मौजूद होने के बावजूद किसान उर्वरक के लिए भटक रहे है। जिले में एनआईसी पोर्टल पर 387 एमटी उर्वरक उपलब्ध है बावजूद उर्वरक दुकानों पर किसानों को उर्वरक नहीं होने का मलाल झेलना पड रहा है। वहीं जिले के किसान फसल के लिए अति आवश्यक उर्वरक के लिए भटक रहे हैं। किसानों को जैसे ही किसी दुकान पर उर्वरक होने की सूचना मिल रही है। वहीं अत्यधिक ठंड के बावजूद पहुंच रहे है। सदर प्रखंड के चुरामनपुर एवं दलसागर में किसान मंगलवार को पहुंच गये। जहां किसानों को पहुंचने से पहले ही उर्वरक समाप्त हो गया। जिसके कारण किसान मायूस होकर वापस लौट गये। किसान प्राइवेट रिटेलर के पास पहुंचे। सुबह के ठंड में काटते हुए किसान जब पहुंचे तो पता चला कि बट गया है।

# बदलेगी तस्वीर: 2023 में डुमरांव में 323.40 करोड़ की लागत से होगा विकास

केटी न्यूज/डुमरांव

- कई महत्वपूर्ण संरचनाएं बनकर हो चुकी हैं तैयार, तो कई का हुआ है शिलान्यास
- पांच में से दो योजनाओं का पूरा हुआ काम

नया साल वर्ष 2023 डुमरांव की रूपरेखा बदल कर रख देगा। इस वर्ष 323.40 करोड़ की लागत से कई योजनाओं को पूरा कर डुमरांव को विकसित शहरों की श्रेणी में शामिल किया जाएगा। मुख्य रूप से पांच बड़ी योजनाओं में दो का काम भी पूरा हो चुका है सिर्फ उदघाटन करना ही बाकी है जबकि तीन बड़े प्रोजेक्टों की तकनीकी स्तर पर तैयारी की जा रही है। उम्मीद है कि इस वर्ष ये सभी योजनाएं पूरी हो जनता को समर्पित हो जाएगी। इनमें कई योजनाएं तो ऐसी है जो वर्षित से लंबित पड़ी हुई है। लेकिन इस साल के शुरूआत से ही इन योजनाओं के क्रियान्वयन की तैयारी शुरू होने से उम्मीद बढ़ी है।



**गोकुल ग्राम व मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन की भी है उम्मीद :** लंबित योजनाओं में केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण गोकुल ग्राम योजना को पूरा करने के लिए करीब 18 करोड़ 10 लाख की राशि आवंटित की गई है। उम्मीद है इस वर्ष इस योजना के शुरू होने के बाद डुमरांव में श्वेत क्रांति व देशी नस्ल की गायों के संवर्द्धन का सपना साकार होगा। वहीं 300 करोड़ राशि से बनने वाला मेडिकल कॉलेज के बनने की उम्मीदें भी बढ़ गई है। इन दो योजनाओं के अलावे दो मंजिले प्रशासनिक भवन 2 करोड़ 50 लाख की राशि से बनकर तैयार है। इस वर्ष लोकार्पण के बाद नगर नगर परिषद कार्यालय यहा से संचालित होगा। टिचर टेजनिंग कॉलेज के पास 1 करोड़ 60 लाख की लागत से बना दो मंजिला सामुदायिक भवन भी निर्माण के बाद उद्घाटन की बाट जोह रहा है। इसके अलावे राज्य सरकार द्वारा डुमरांव में 1 करोड़ बीस लाख की लागत से बनने वाले सम्राट अशोक भवन की मंजूरी भी दे दी गई है। इस वर्ष यह भवन भी मूर्त रूप ले लेगा।

**प्रशासनिक भवन के उद्घाटन से नप कर्मियों को मिलेगी सहूलियत :** नगर परिषद क्षेत्र का विस्तार होने के बाद इसके काम भी बढ़ गए है। जिसके लिए नप को कर्मियों व कार्यालय में कमरों की संख्या भी बढ़ानी पड़ेगी। एक लाख से अधिक की आबादी को सुचारू रूप से काम करने के लिए नप प्रशासन ने मॉडल प्रशासनिक भवन की लोकार्पण की तैयारी शुरू कर दी है। ढाई करोड़ की लागत से बने इस मॉडल भवन में आठ कमरे और चार हॉलो का निर्माण कराया गया है। जहां नप अलग-अलग विभागीय कामों का बंटवारा कर कार्य संचालित करेगा। बता दें कि फिलवक्त नगर परिषद का कार्यालय मुख्य बाजार में है जहा काफी संकीर्ण जगह है।

**स्वच्छता अभियान पर भी रहेगा फोकस :** नयें साल में विकास योजनाओं को गति देने के साथ ही नगर परिषद व अनुमंडल प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान को भी मजबूती से चलाया जाएगा। ताकी शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जा सके। नयें साल में नगर परिषद नये उत्साह के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण में औव्वल आने के लिए जुट गया है। नगर परिषद के स्वच्छता अभियान के ब्रांड अंबेस्डर बनाए गए अनुराग मिश्र ने बताया कि नयें साल में डुमरांव को सूबे का सबसे स्वच्छ व सुंदर शहर बनाया जाएगा। इसकी तैयारी भी इस साल के पहले दिन से ही शुरू हो गई है।

## भाकपा माले का जिलास्तरीय कन्वेशन संपन्न, 11 महाधिवेशन को सफल बनाने की भरी गई हुंकार

# 15 फरवरी को आयोजित होगी ऐतिहासिक लोकतंत्र बचाओ-देश बचाओ रैली: कुणाल

- शहीद व दिवंगत नेताओं एवं कार्यकताओं को श्रद्धांजलि देकर शुरू हुआ कार्यक्रम
- सचिवों ने कन्वेंशन में रखी अपने-अपने प्रखण्डों की रिपोर्ट

केटी न्यूज/डुमरांव

मंगलवार को डुमरांव नगर भवन में भाकपा माले का जिला सम्मेलन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में पार्टी 11 महाधिवेशन को सफल बनाने तथा 15 फरवरी को आहूत लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ रैली को ऐतिहासिक बनाने की हुंकार भरी गई। जिसका संचालन जिला सचिव नवीन ने किया। सम्मेलन की शुरूआत पार्टी के शहीद व दिवंगत नेताओं व कार्यकताओं को श्रद्धांजलि देकर शुरू की गई। सम्मेलन में जिले के विभिन्न प्रखण्डों के प्रखण्ड सचिवों ने अपने-अपने प्रखण्डों की तैयारी की रिपोर्ट कन्वेंशन में रखी।


बैठक

### गरीब व बेरोजगार नौजवानों के साथ है माले

सम्मेलन के दौरान माले नेताओं ने कहा कि 2020 के चुनाव में बिहार की जनता ने बीजेपी को लगभग बाहर कर दिया। किसी तरह सत्ता तो बच गई, लेकिन बिहार के राजनीतिक माहौल में इसे बेमानी बना दिया गया। बिहार में अभी महागठबंधन की सरकार है, लेकिन हम जनता के साथ पूरी तरह से खड़े हैं। रोजगार की मांग कर रहे युवा, बुलडोजर झेल रहे गरीब लोग, न्यूनतम मजदूरी की मांग, मनरेगा मजदूर की लड़ाई के साथ हमेशा से माले खड़ी रही है। 15 फरवरी 2023 को गांधी मैदान, पटना में 11वीं पार्टी कांग्रेस के अवसर पर बिहार के गरीब-भूमिहीन-मजदूर लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ रैली में एकजुट होकर शामिल होंगे। लोगों का यह जमावड़ा लोकतंत्र, संविधान और आजादी को बचाने की लड़ाई में ऐतिहासिक कदम होगा। सम्मेलन को सुकर राम, हरेंद्र राम, वीरेंद्र सिंह, जगनारायण शर्मा, ललन प्रसाद, अयोध्या सिंह, वीरेंद्र यादव, अलख नारायण चौधरी, धर्मेंद्र, नीरज, धनजी पासवान,महफुज, नारायण दास, संध्या पाल, रेखा देवी आदि ने संबोधित किया।

### सम्मेलन में केन्द्र सरकार को उखाड़ फेकनें का लिया संकल्प

सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि 2014 से देश में एक ऐसी हुकूमत चल रही है, जो देश के संविधान, लोकतंत्र और अब तक हासिल किए गए हमारे सभी अधिकारों को कुचलने पर तुली हुई है। देश के प्रधानमंत्री कहते हैं कि आने वाले दिनों में देश में एक ही पार्टी होगी और अमित शाह का ऐलान है कि बीजेपी 5 नहीं, 50 साल तक राज करेगी। वहीं अंबानी-अडानी को हमारे खून-पसीने की कमाई की सारी संपत्ति हड़पने की खुली छूट दे दी गई है। सत्ता और दौलत के गठजोड़ का ही घमंड है कि ये 50 साल तक देश पर राज करने का सपना देखते हैं।

जिला सम्मेलन के मुख्य अतिथि तथा पार्टी के बिहार राज्य सचिव कुणाल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाकपा माले ने अपने अधिकारों के लिए लड़ने वाले समाज के सबसे कमजोर वर्गों के नेतृत्व में 1970 के दशक से ही क्रांतिकारी संघर्षों और शहादतों की लंबी विरासत के दम पर संघर्ष जारी रखे हुए है। माले का आंदोलन सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता और समानता हासिल करने के लिए आज भी जारी है। शहीदों ने आंदोलन को और मजबूत किया और उसके आधार पर गांव के गरीब, वंचित लोग, भूमिहीन किसान और महिलाएं ने इसे आज भी संभाले हुए है। माले के नेतृत्व में गरीब, मजदूर वर्ग, किसान और युवा सबसे अधिक संगठित है और आगे बढ़ने की ताकत रखता है।

## एक नजर

### अपनी मर्यादा से, धर्मों से एवं आचरण से हटकर कर्म करना भी पाप है : जीयर स्वामी



**नावानगर।** पाप तो पाप है ही। साथ ही अपने मयार्दा से, धर्मों से एवं आचरण से हटकर कर्म करना भी पाप है। ये बातें रुपसागर में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दौरान परम पूज्य संत श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा। उन्होंने कहा कि मनुष्य को पाप करने से बचना चाहिए। न पाप करना चाहिए न देखना चाहिए और ना ही पाप करने वाले का सहयोग या समर्थन करना चाहिए। पापी की सहायता करना भी पाप ही है। इससे दोष लगता है। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े महापुरुष भी गलत संगत में पड़कर दूषित हो जाते हैं। भीष्म पितामह जैसे महापुरुष भी दुष्ट दुर्योधन की संगत में आने व उसका अन्न खाने के चलते दूषित हो चुके थे। जिसके कारण उनकों कष्ट झेलना पड़ा। पराक्रमी महापुरुष का भी मन दुष्ट व्यक्ति के साथ रहने से दूषित हो जाता है। अपने फायदे के लिए किसी दूसरे को कष्ट नहीं देना चाहिए। इसके पूर्व इस महायज्ञ में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप का परिक्रमा किया। साथ ही यज्ञ मंडप से वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो रहा है। यज्ञ समिति के सदस्य मनोज कुमार ने बताया कि सात दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में प्रतिदिन संध्या 5 बजे से लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का प्रवचन हो रहा है। पहले दिन से ही श्रोताओं की अच्छी खासी भीड़ जुट रही है। लोग स्वामीजी महाराज के मुखारबिंदु से प्रवचन सुनने के लिए काफी उतावले नजर आ रह है। जबकि हर दिन हजारों लोग दूर दराज के क्षेत्रों से भी इस महायज्ञ में शामिल होने तथा पूज्य श्री स्वामी जी के दर्शन करने आ रह है। गांव में जीयर स्वामी जी जैसे संत के आगमन से ग्रामीणों का उत्साह चरम पर है। ग्रामीण इस महायज्ञ को सफल बनाने में जी जान से जुटे हुए है। कई ग्रामीण पूरे दिन श्रमदान कर रहे है तो कई व्यवस्था की कमान संभाल रहे है। बाहर से आने वाले आगंतुकों को प्रसाद भी ग्रहण कराया जा रहा है। महायज्ञ के आयोजन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

### ग्रामीणों ने मुखिया व सचिव के खिलाफ खोला मोर्चा

**सिमरी।** सहियार पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव पर स्थानीय पंचायत के ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लूट खसोट करने तथा बड़े पैमाने पर धांधली का अरोप लगाते हुए 1 जनवरी 2022 से 1 जनवरी 2023 के दौरान पंचायत में षष्ठम व पन्द्रवें वित से हुए कार्यो की जांच कराने की मांग की है। खास यह कि बीडीओ को दिए गए आवेदन में ग्रामीणों के साथ ही पंचायत के सरपंच, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य आदि ने भी अपने हस्ताक्षर व मुहर लगाए है तथा मुखिया व पंचायत सचिव पर योजनाओं में धांधली करते हुए बड़े पैमाने पर लूट खसोट किए जाने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया है कि यदि निष्पक्ष तरीके से इन योजनाओं की जांच करवाई जाए तो बड़े पैमाने पर सरकारी राशि के बंदरबांट का पदार्फाश होगा। ग्रामीणों ने बिना जांच करवाए किसी भी योजना की राशि की निकासी तथा नया योजना खोलने पर रोक लगाने की मांग भी की है। ग्रामीणों के इस आरोप के बाद मुखिया व पंचायत सचिव की मुश्किलें बढ़ सकती है। आवेदन पंकज कुमार, गोबिंद कुमार, चंदन पांडेय, सरपंच बेबी देवी समेत दर्जनों ग्रामीणों के संयुक्त हस्ताक्षर से दिया गया है।

### अलाव जला शीतलहर से बचाव करते रहे लोग



**बक्सर।** जिले में पड़ रही भयंकर शीतलहर से मंगलवार को भी निजात नहीं मिला। लगातार तीसरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं होने से लोगों को पूरे दिन ठिठुरना पड़ा। सर्द हवाओं के थपेड़ों ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी थी। मौसम के इस तेवर के कारण पूरे दिन लोग घरों में दुबकने को मजबूर हुए। वही जरूरी कामों से घर से बाहर निकलने वाले लोग पूरे शरीर को ढंक कर निकल रहे थे। वैसे तो सरकारी स्तर पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। लेकिन इस भीषण ठंढ व शीतलहरी से बचने के लिए कई जगहों पर लोग अपने स्तर से अलाव जला तापते नजर आए। देर शाम जिले के डुमरांव स्थित स्टेशन रोड में एक ऐसा ही नजारा देखने को मिला। बाजार में ठंड से परेशान लोग सड़क किनारे अलावे जला राहत पा रहे थे। इस दौरान वहा से गुजरने वाले राहगीर भी थोड़ी देर के लिए ही सही रूक जरूर रहे थे। स्टेशन रोड के अलावे भी कई जगहों पर लोग अपने स्तर से अलावे जला ताप रहे थे। इससे उन्हें थोड़ी देर के लिए ठंड से राहत जरूर मिल रही थी।

### आगलगी में चार बीघे की फसल जलकर राख

**केसठ।** स्थानीय प्रखंड के डिहरा गांव में असमाजिक तत्वों द्वारा खलिहान में आग लगाए जाने से चार बीघे की धान की फसल व पुआल जल गए है। हालांकि खलिहान से आग की लपटें उठता देख ग्रामीणों ने अपने स्तर से बुझाने का प्रयास किया था। लेकिन आग विकराल होते गई। इसके बाद स्थानीय प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह ने तत्काल इसकी सूचना अग्निशामन विभाग को दी। मौके पर पहुंची अग्निशामन वाहन ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। आगलगी की इस घटना में डिहरा निवासी किसान दिनेश रजक के 4 बीघे की धान की फसल तथा कुछ पुआल जल गए है। प्रमुख मुन्ना ने पीड़ित किसान को ढांढस बंधाते हुए कहा कि उचित मुआबजा दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों से कहा जाएगा। जबकि पीड़ित ने बताया कि इस घटना में पूरे साल की मेहतन की कमाई जल गई है।

## मनकी में क्रिकेट मैच के दौरान मारपीट व फायरिंग; एक धराया, तीन बाइक जब्त

केटी न्यूज/ब्रह्मपुर

- बाहर से आए बाइक सवार युवक अचानक करने लगे थे मारपीट

बगेन थाना क्षेत्र के मनकी गांव का खेल मैदान सोमवार की शाम रणक्षेत्र में बदल गया था। क्रिकेट खेल रहे स्थानीय गांव के खिलाड़ियों के साथ बाहर से बाइक पर आए करीब दस की संख्या में मनचले युवकों ने मारपीट शुरू कर दिया। इस दौरान बाहरी युवक एक लड़के को पकड़ पीटने लगे। उसके साथ क्रिकेट खेल रहे युवा तथा ग्रामीणों जब यह हरकत देखी तो मनचलों को ललकारते हुए आगे बढ़े तथा उनकी पिटाई शुरू कर दी।

ग्रामीण जब उनपर भारी पड़ने लगे तो वे भागने लगे। इस दौरान उन्होंने फायरिंग भी की। भागने के दौरान तीन युवकों की बाइक वहीं छूट गई। ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़ जमकर पीटा और पुलिस को सौंप दिया। उसके पास से एक देशी कट्टा, एक कारतूस तथा एक खोखा भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार युवक की पहचान भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार निवासी अशोक राय के पुत्र दीपक राय के रूप में हुई है। पुलिस ने खेल मैदान से एक पल्सर, एक अपाची तथा एक अन्य बाइक बरामद की है। बरामद बाइक व गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद अन्य की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। बगेन थानाध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो मामला पुराने विवाद से जुड़ा है।

## पीएमकेएसएनवाई का 15 तक भौतिक सत्यापन

**बक्सर।** जिला में 15 जनवरी तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसको लेकर जिला कृषि पदाधिकारी बक्सर के द्वारा निर्देश जारी किया गया है। जारी निर्देश के अनुसार 15 जनवरी तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजना का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसको लेकर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी बक्सर को राजपुर और चौसा, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी डुमरांव को डुमरांव, उप परियोजना निदेशक आत्मा बक्सर इटाढी, बक्सर सहायक निदेशक उधान बक्सर नावानगर, सहायक निदेशक प्रक्षेत्र चक्की एवं सिमरी, बक्सर सहायक निदेशक भूमि संरक्षण बक्सर, चौगाई एवं केसठ, सहायक निदेशक मिट्टी जांच प्रयोगशाला बक्सर व ब्रह्मपुर प्रखंड को सत्यापन के लिए आवंटित किया गया है।

## आंदोलन की राह पर डीलर, सात को देंगे धरना

- बैठक कर लिया निर्णय, 10 जनवरी को पटना में धरना देंगे डीलर

केटी न्यूज/डुमरांव

केन्द्र सरकार द्वारा जनवरी महीने से फ्री में खाद्यान्न देने की घोषणा के बाद से ही जन वितरण प्रणाली के दुकानदार उग्र हो गए है। डीलरों ने अब सरकार के खिलाफ संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को नगर के जंगलीनाथ शिवमंदिर में डीलरों ने बैठक कर आगे की रणनीति पर चर्चा किया तथा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 7 जनवरी को अनुमंडल कार्यालय परिसर में धरना देने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद डीलरों ने अपना मांग पत्र व धरने की स्वीकृति के लिए आवेदन भी एसडीओ को दिया है।


बैठक में उपस्थित डीलर

फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के अनुमंडल अध्यक्ष भुटेश्वर सिंह ने बताया कि उनके पुराने 8 सूत्री मांगों के साथ ही कोराना काल में बांटे गए फ्री अनाज के 16 महीने के बकाए मार्जिन मनी का भुगतान करने तथा जनवरी से फ्री बांटे जाने वाले अनाज के मार्जिन मनी का फिक्स तिथि निर्धारित करने जैसी मांगे शामिल है। इसके अलावे डीलरों द्वारा दिसंबर महीने में खाद्यान्न उठाव को जो पैसा जमा किया गया है उसे वापस करने की मांग भी रखी गई। 10 जनवरी को पटना में विशाल धरना देंगे। अभी डीलर सांकेतिक हड़ताल पर चल रहे है। बैठक में शिवचंद्र सिंह, लाल साहेब सिंह, धीरेन्द्र तिवारी, बिनोद पांडेय, रमेश यादव, बिन्देश्वरी सिंह, कमल सिंह, बैजनाथ सिंह, हीरालाल वर्मा, बीरेन्द्र पांडेय व अन्य शामिल रहे।

## खरमास उतरते ही गूंज उठेगी शहनाई, फरवरी और मई में है सबसे ज्यादा शुभ मुहुर्त

# 15 जनवरी से शुरू हो रहा शुभ मुहुर्त, मार्च में विवाह की 4 तिथि

- खरमास के कारण बाजार में छाई हुई है मंदी

केटी न्यूज/बक्सर

फिलहाल खरमास की वजह से जनवरी में 14 तारीख तक पाणिग्रहण संस्कार का कोई शुभ मुहूर्त नहीं है। किंतु 15 को खरमास के उत्तरार्द्ध के साथ ही एक बार फिर से विवाह की शहनाईयां गूंजेंगी। इस साल सबसे अधिक मई में 15 मुहूर्त हैं। उस समय शादियां भी अधिक होंगी। हिंदू धर्म शास्त्रों में विवाह को जन्म-जन्मांतर का रिश्ता माना गया है। अगर मनु स्मृति पर गौर करें, तो मनु ने भी सभी आश्रमों में सर्वश्रेष्ठ आश्रम गृहस्थ आश्रम को माना है।



वैवाहिक मुहूर्त के बाबत पूछे जाने पर नदांव गांव निवासी कर्मकांड के विद्वान पंडित मुन्ना दूबे ने बताया कि जनवरी में 9 और फरवरी में 12 शुभ मुहूर्त है। मार्च में विवाह के 4 शुभ मुहूर्त हैं। मई में 15 तिथियां हैं। जून में कुल 9 शुभ तिथियां हैं।

### विवाह की तिथियां

| | |
|---|---|
| जनवरी | 15, 16, 18, 19, 25, 26, 27, 30, 31 |
| फरवरी | 6, 7, 9, 10, 12, 13, 14, 16, 22, 23, 27, 28 |
| मार्च | 6, 9, 11, 13 |
| मई | 3, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 15, 16, 17, 20, 21, 22, 29, 30 |
| जून | 1, 3, 5, 6, 7, 11, 12, 23, 26 |
| नवंबर | 23, 27, 28, 29 |
| दिसंबर | 6, 7, 9, 15 |

जबकि जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्तूबर में शादी का कोई शुभ मुहूर्त नहीं है। नवंबर और दिसंबर में 4 शुभ मुहूर्त हैं।

**बाजार में छाई है मंदी :** खरमास के चलते बाजार में मंदी छाई हुई है। दुकानदारों की मानें तो भयंकर शीतलहर के बावजूद उनी कपड़ो तथा जूतों की उम्मीद के मुताबिक बिक्री नहीं हो पा रही है। डुमरांव के कपड़ा व्यवसायी विवेककान्त, अमरनाथ केशरी आदि ने बताया कि खरमास के चलते भी लोग नयें कपड़ो की खरीददारी नहीं कर पा रहे है। लगन चढ़ने के बाद ही कपड़ो का बाजार रौनक पकड़ेगा। हालांकि दुकानदारों में इस बात का डर भी है कि कही लगन आते आते ठंड में कमी न आ जाए। ऐसा होने पर उनके उनी कपड़े नहीं बिक पाएंगे। जिससे दुकानदारों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष ठंड बहुत कम पड़ी थी जिस कारण उनी कपड़ो का बाजार पूरे सीजन मंदा था। लेकिन इस बार कड़ाके की ठंड में हल्के उनी कपड़ो की बिक्री ही हो पा रही है। यही हाल जूते की दुकानों का भी है। जिले के चर्चित खादिम्स द्वारा कम बिक्री को देखते हुए जूतों पर भारी छूट दिया गया था। लिहाजा दुकानदारों को भी लगन से खासी उम्मीदें है।

## एक नजर

### गुरु शिष्य का निर्माण करता है, एक बार अगर अंगुली पकड़ ले तो कभी छोड़ता नही है: सर्वेश



**बलिया।** महावीर घाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर 108 कुन्डीय गायत्री महायज्ञ के दौरान सैकड़ों लोगों वेदमूर्ति, युग ऋषि तपोनिष्ठ पड़ित श्रीराम शर्मा आचार्य व वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के शिष्य बन गायत्री मंत्र की दीक्षा दी। इस दौरान विद्वान आचार्य सर्वेश कुमार शर्मा व यज्ञाचार्य रमेश पटेल की टीम ने विभिन्न संस्कारों के बाद गुरु की महिमा को बताया। आचार्य सर्वेश कुमार शर्मा ने कहा कि गुरु दीक्षा के साथ में सद्गुरु शिष्य को जीवन लक्ष्य का मार्ग बताया है और मार्ग में आने वाले कठिनाइयों को दूर करते हैं। शिष्य थक जाता है तो सद्गुरु उसे उठने व चलने का शक्ति भी देता है। गुरु एक बार अंगुली पकड़ लेता है तो कभी नहीं छोड़ता है। गुरु शिष्य का निर्माण करता है। सद्गुरु का साथ पाकर स्वामी विवेकानंद, दयानंद सरस्वती, चंद्रगुप्त आदि महान पुरुष बने हैं। गुरु हमें आत्म स्वरूप का भान कराता है। बिना गुरु के कोई भवसागर को पार नहीं जा सकता है।इस लिए हर मनुष्य को गुरु जरुर बनाना चाहिए। गुरु ब्रम्हज्ञानी, तपस्वी, त्रिकालदर्शी, पुण्यात्मा, निरूस्वार्थी, समाजसेवी वह साधक होना चाहिए। इस दौरान संगीत मय प्रवचन कर्ता गुड़सागर जी राणा, कमल सिंह चौहान, कपिल देव यादव आदि रहे।

### साइबर सेल ने ग्राहक के खाते में पैसा कराया वापस



**बलिया।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर व नोडल साइबर सेल के निर्देशन में साइबर सेल बलिया को बड़ी सफलता मिली है। साइबर सेल ने नव वर्ष में उस शख्स की खुशी लौटाई है। जिसे जालसाजों ने दिसम्बर 2022 में छीन लिया था। रेवती थाना क्षेत्र के नौकागांव निवासी विजय कुमार वर्मा पुत्र राज नारायण वर्मा ने 08 दिसम्बर 2022 को पुलिस कार्यालय में शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके भारतीय स्टेट बैंक के खाते से 06 दिसम्बर 2022 को 1,94,899 लाख रुपये फर्जी तरीके से स्थानान्तरण किया गया है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए साइबर टीम ने त्वरित विधिक कार्यवाही शुरू की। फलस्वरूप मंगलवार को शिकायतकर्ता विजय कुमार वर्मा के खाते में धोखाधड़ी की धनराशि 1,39, 900 लाख रुपये (एक लाख उन्तालिस हजार नौ सौ रुपये) वापस कराया गया। टीम द्वारा धोखाधड़ी की शेष धनराशि वापस कराने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता विजय कुमार वर्मा ने बलिया पुलिस तथा साइबर सेल टीम की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया है। साइबर सेल पुलिस टीम में निरीक्षक बीरेन्द्र कुमार मिश्र प्रभारी साइबर सेल, आरक्षी अमरनाथ मिश्रा व आरक्षी शिवचन्द यादव शामिल रहे।

### हत्या के प्रयास मामले में पूर्व मंत्री फरार घोषित



**बलिया।** छात्र नेता की हत्या के प्रयास मामले के आरोप में पूर्व मंत्री के खिलाफ गैर जमानती वारंट कोर्ट द्वारा जारी किया गया। बुधवार को विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए की अदालत ने पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल व विवेक सिंह के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने के साथ दोनों व्यक्तियों के फरार होने की उद्घोषणा की आदेशिका जारी कर दी है। अगर हाजिर नहीं हुए तो दोनों व्यक्तियों की संपत्ति के कुर्की का आदेश जारी किए जाना संभावित है। ज्ञात हो कि कि छात्र नेता सुधीर ओझा ने भाजपा नेता व पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला सहित पांच आरोपियों के विरुद्ध बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के सतीश चन्द्र महाविद्यालय में बीते जनवरी 2013 में उनकी हत्या का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में बीते 13 दिसंबर को सभी आरोपियों को कोर्ट में हाजिर होना था। दो अभियुक्त तो हाजिर हो गए, लेकिन पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल एवं विवके सिंह अभी तक कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। ऐसे में दोनों के विरूद्ध कोर्ट ने फरारी की उद्घोषणा जारी की है।

### पोखरे में डूबने से युवक की मौत, मचा कोहराम



**बलिया।** सोमवार की शाम एक युवक की डूबने से मौत हो गई । जिसके बाद गांव में कोहराम मच गया। घटना नगर पंचायत के बहुचर्चित योगीराज श्री चौनराम बाबा समाधि स्थल स्थित पोखरे पर हुई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस सहित नगर पंचायत के लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों द्वारा लगभग 3 घंटे तक पोखरे में शव को निकालने का प्रयास किया गया। लेकिन शव नहीं मिल पाया। तब जाकर पुलिस द्वारा गोताखोरों को बुलाया गया। देर शाम लगभग 8 बजे करीब गोताखोरों की सहायता से शव को पोखरे से बाहर निकाला गया। सहतवार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के पश्चात पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। मृतक हिमांशु सोनी 18 वर्ष पुत्र नंदलाल सोनी नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 का रहने वाला है। हिमांशु चौनराम बाबा समाधि स्थल पर दर्शन पूजन हेतु गया था। बाबा के यहां मान्यता रही है कि पूजन के पूर्व समाधि स्थल स्थित पोखरे में श्रद्धालु अपना हाथ पैर धोने के बाद ही पूजा करने जाते है। हिमांशु पूजन से पूर्व पोखरे में हाथ पैर धोने के लिए नीचे उतरा ही था कि पैर फिसल जाने की वजह से पोखरे में चला गया। हिमांशु तैरना नहीं जानता था। जिससे पोखरे में डूबने से ही उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई

**गाजीपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह के दो कर्मचारी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक महिला मीना सिंह व स्वास्थ्य कार्यकर्ता महिला मंजू राय के सेवानिवृत्ति के उपरांत भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दोनों लोगों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए चिकित्सा अधिकारी डॉ. इमरान मलिक ने दीघार्यु होने की कामना करते हुए उनके कार्यों को सराहना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक शोध अधिकारी राधेश्याम गोप ने कहा कि मीना सिंह और मंजू राय के समय से क्षेत्र में जाने की आदत और कार्य करने की शैली सबके लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम का संचालन स्वास्थ्य पर्यवेक्षक जयप्रकाश नारायण यादव तथा व्यवस्था कोल्ड चेन हैंडलर प्रशांत सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रियंका सिंह, सीमा सिंह, शैल कुमारी रानी, बिंदु राय, शिवानी राय, कलाई देवी,उर्मिला देवी, प्रियंका, मीरा गुप्ता, सुषमा सिंह स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रमेश यादव, रिजवान अहमद, रामाश्रय यादव, अशोक सिंह, अरुण सिंह, अश्वनी कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## पारा गिरने से पूरे दिन रहा कड़ाके की ठंड का असर, कई जिलों में अलर्ट जारी; लोग हलकान

# शीतलहर का सितम : बलिया व गाजीपुर में लुढ़का पारा, आने वाले दिनों में पड़ेगी हाड़ कंपाने वाली ठंड

- सुबह में कोहरे के कारण थमी वाहनों की रफ्तार, दोपहर में गुलजार हुए चौक-चौराहे
- उप सचिव ने सर्दी से बचाव के लिए लोगों को उचित इंतजाम रखने की दी सलाह

**केटी न्यूज/उत्तर प्रदेश टीम**



घने कोहरे के बीच सड़क पर वाहनों से जाते लोग

उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। यूपी के कई इलाकों में पिछले दो दिनों से धूप ना होने के चलते न्यूनतम पारे में गिरावट दर्ज की गई है। लोग ठंड से बेहाल हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक सर्दी का सितम जारी रहेगा। यूपी के कई जिलों में कोहरे को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट भी जारी है। बढ़ती ठंड को देखते हुए उत्तर प्रदेश के जिलों के स्कूलों में अवकाश घोषित कर दी गई है। ऐसे में मंगलवार को बलिया में पूरे दिन कड़ाके की ठंड का असर रहा। सुबह घना कोहरा रहा जिससे वाहनों की रफ्तार थम गई। हालांकि कुछ देर बाद कोहरा छंट गया लेकिन पूरे दिन धूप का दर्शन नहीं हुआ।

शीतलहर से लोग कांपते रहे और बहुत जरूरी होने पर घरों से निकले। मंगलवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान एक डिग्री लुढ़क गया। अधिकतम जहां 19 डिग्री वहीं न्यूनतम छह डिग्री तक पहुंच गया और हवा की रफ्तार भी अधिक रही। 9.4 किमी की गति से चल रही पछुआ हवा के कारण मंगलवार को गलन भरी ठंड में और इजाफा हो गया। कड़ाके की ठंड पड़ने से लोगों के कामकाज भी प्रभावित होने लगे हैं। शहर से गांव तक लोग ठंड से बेहाल हैं और अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टॉप पर ठंड से पूरे दिन लोग ठिठुरते रहे। बाजार में आने-जाने वाले लोग भी जहां-तहां टायर आदि जला कर शरीर को गर्म करते रहे। सुबह में कोहरा के कारण सड़कों पर वाहनों को लाइट जला कर धीमी गति से ही चलना पड़ा। कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन जहां अस्त-व्यस्त रहा वहीं पशु पक्षी भी बेहाल रहे।



ठंड से बचने के लिए आग का सहारा लेते लोग

### उदासीनता: कहीं नहीं जल रहा सरकारी अलाव

**बलिया।** इस बार कड़ाके की ठंड का आगाज दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह से शुरू हुआ और एक सप्ताह से कोहरे का साया बना रहा। एक जनवरी को भगवान भास्कर पर कोहरा भारी पड़ा।

मंगलवार को सुबह कोहरा का नहीं था, लेकिन शीत का प्रकोप जरूर रहा। पूरे दिन सूर्य का दीदार भी नहीं हुआ। जिससे लोग घरों में दुबके रहे। सर्दी का सितम आमजन पर कहर बरपा रहा है। लोग अलाव जलाकर ठंड से निजात पाने में लगे हुए हैं। पशुपालकों को अपने मवेशियों को ठंड से बचने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ रही है। किसानों ने ठंड को फसलों के लिए फायदेमंद बताया। लेकिन कड़ाके की ठंड से आम जनता सहित पशु पक्षी भी बेहाल हैं। प्रशासन द्वारा किसी भी चट्टी चौराहे पर अलाव जलाने की व्यवस्था अब तक नहीं किया गया है।

### शीतलहर व ओले पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन ने जारी की एडवायजरी

**गाजीपुर।** शीतलहर एवं ओले पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन द्वारा स्वास्थ्य संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। शीतलहर एवं ओला से बचाव के लिए विभिन्न माध्यमों से सूचना जारी कर लोगों को जानकारी पहुंचा जा रहा है।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि शासन के उप सचिव द्वारा सर्दी से बचाव के लिए पर्याप्त कपड़ों का इंतजाम रखें, बहुस्तरीय पोशाक अधिक सहायक होते हैं। आकस्मिक आपूर्ति के सामान तैयार रखें। अत्यधिक सर्दी की अवस्था में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों जैसे फ्लु, बहती नाक इत्यादि की आशंका बढ़ जाती है। ऐसी अवस्था में तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लें। शीतलहर के दौरान, मौसम संबंधी जानकारियों और परामर्श का पालन करें। शीतलहर के दौरान घर में रहे और कम से कम यात्रा करें। अपने आप को सुखा रखें और बहु स्तरीय ढीले उनी कपड़े, अपने सर, गला, हाथ और पैरों को ढंक कर रखें। ताजा एवं पौष्टिक भोजन करें।

विटामिन-सी की प्रचुरता वाले फल और सब्जी का अधिक सेवन करें जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता तथा तापमान को नियंत्रित रखती है। पीने के लिए पानी का पर्याप्त भंडारण रखें। बच्चों, वृद्ध व्यक्तियों एवं पड़ोस में अकेले रहने वाले व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। घरों के अंदर कोयला न जलाएं, क्योकि कोयले के जलने से कार्बन मोनोऑक्साइड का उत्सर्जन होता है, जो कि विषैला होता है और कमरे के अंदर के व्यक्तियों की जान जा सकती है।

### सात जनवरी तक बंद रहेंगे सभी स्कूल

**गाजीपुर।** कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर को देखते हुए जनपद में इंटरमीडिएट तक की कक्षाएं सात जनवरी तक बंद कर दी गई हैं जबकि कक्षा एक से आठ तक की कक्षाएं 14 जनवरी तक बंद रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक नाथ तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर अत्यधिक शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए छात्रहित में जनपद के माध्यमिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन विद्यालयों में कक्षा- 01 से 08 तक के छात्रों के लिए 14 जनवरी तक तथा कक्षा 09 से 12 की कक्षाओं में 07 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। तत्पश्चात 14 जनवरी तक कक्षाओं का संचालन दस बजे से तीन बजे तक होगा।

### आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद करने का निर्देश जारी

**गाजीपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडेय ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के कम में जनपद के समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों को शीतलहर एवं ठंड के प्रकोप को देखते हुए दो से 15 जनवरी तक तत्काल प्रभाव से बंद किया गया है। शीतकालीन अवकाश के दौरान जनपद के सभी शिक्षण संस्थाएं इस अवधि में बंद रहेगें। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थित होने वाले 03 वर्ष से 06 वर्ष के लाभार्थी बच्चों को भी शीतकालीन सत्र में कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर से बचाने के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी दो से 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है।

## गैंगेस्टर एक्ट के तहत चुन्नू राय की 4.75 करोड़ रुपए की संपत्ति हुई कुर्क

**केटी न्यूज/मऊ**

संगठित अपराध और अपराधियों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने सरायलखंसी के अहिरौली हथिनी निवासी अपराधी कमलेश उर्फ चुन्नू राय की 4.74 करोड़ की चल-अचल संपत्ति को कुर्क कर दिया है। यह कार्रवाई 14(1) गिरोहबंद एवं असामाजिक क्रियकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अंतर्गत की गई है। मौके पर कुर्क की नोटिस भी चस्पा कर दी गई।

इसे लेकर आपराधिक किस्म के लोगों में खलबली मची हुई है। अभियुक्त कमलेश राय आपराधिक गतिविधियां में संलिप्त है तथा अपने गिरोह का सक्रिय सदस्य है। अपने गैंग के संरक्षण, गैंग के सदस्यों द्वारा डराकर, धमकाकर व हत्या जैसे अपराध कारित कर गलत तरीके के व्यवसाय से अकूत धन इकट्ठा कर लिया है। इसे देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एसडीएम सदर हेमंत चौधरी, सीओ सिटी धनंजय मिश्रा, कोतवाल अनिल कुमार त्रिपाठी व राजस्व विभाग की टीम भारी पुलिस बल के साथ शहर के भीटी स्थित उसके मकान पर पहुंची। इसे पहले कुर्क कर दिया। इसके बाद वाहन संख्या यूपी54 डब्ल्यू 100 स्कार्पियो, वाहन संख्या यूपी54क्यू2052 बजाज डिस्कवर को कुर्क किया। पत्नी सुमन राय के नाम हथिनी में जमीन व उस पर बने मकान को क्रय किया गया है। इसके अतिरिक्त अभियुक्त के नाम से हथिनी में राय ईंट उद्योग के नाम से ईंट भट्ठा संचालित है। वर्तमान में भट्ठे के अंदर व बाहर लगभग 05 लाख 50 हजार ईंट मौजूद है। कुल सातों अराजियों व उस पर बनें भवन, वाहनों तथा ईंटों का बाजारू मूल्य लगभग 04 करोड़ 72 लाख, 78 हजार 983 रुपये है। इसके अलावा बेटों के नाम पर रजिस्टर्ड वाहनों को जब्त किया गया।

### माजिद-उल-निसा डिग्री कॉलेज में सामान्य ज्ञान की परीक्षा का आयोजन

**मऊ।** कोपागंज क्षेत्र के माजिद-उल-निसा डिग्री कॉलेज में एक पहल संघ द्वारा मंगलवार को एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में कुल 539 छात्र और छात्राओं ने छह समूह हिस्सा लिया। इस अवसर पर मौलाना अली मियां नदवी वेलफेयर सोसाइटी के महासचिव मौलाना मुहम्मद अरशद जिया नदवी ने समाज के कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा, एक शिक्षा पथ मिलेगा और जुनून शिक्षा के लिए वृद्धि होगी उन्होंने कहा कि शहर को राजनीति से ज्यादा शिक्षा की जरूरत है। एक पहल समाज की एक अच्छी और सराहनीय पहल है। देश के कुछ युवाओं ने इस महान कारनामे को अंजाम देकर लोगों में शिक्षा की लहर पैदा की है। कॉलेज के मुख्य सचिव महबूब बबलू ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए। कार्यक्रम में सोसायटी के अध्यक्ष मुहम्मद हुजैफा व सचिव मुहम्मद असलम, कमेटी के सदस्य मुहम्मद हुजैफा, मौलवी मामलुक अल-अली, हाशिम अंसारी, हुजैफा अयान, असदुल्ला गालिब, गुडू जमाली, अब्दुल्ला मठ शामिल रहे।

## धान क्रय के 48 घंटे के अंदर हर हालत में हो किसानों को राशि का भुगतान: जिलाधिकारी

- जंगीपुर राजकीय धान क्रय केंद्र एवं पीसीयू का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



बोरे में रखे धान की मानक को चेक करती डीएम

सदर तहसील के जंगीपुर राजकीय धान क्रय केंद्र एवं पीसीयू धान क्रय केंद्र का स्थलीय निरीक्षण कर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने धान क्रय के संबंध में जानकारी ली। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान उन्होनें क्रय केन्द्र पर उपलब्ध अभिलेखों व किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा क्रय के लिए उपकरणों तथा इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, बोरा, बैनर, धान का नमूना, टोकन रजिस्टर, डेली क्रय किए गए। धान की स्थिति आदि के बारे जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र पर धान खरीद की स्थिति की जानकारी लेते हुए जंगीपुर एवं फतेउल्लाहपुर केन्द्र के रजिस्टर को चेक किया एवं गोदाम में भरे धान की बोरी को गिनती भी कराई तथा केंद्र पर कार्य में धीमी प्रगति पाये जाने पर जंगीपुर केंद्र प्रभारी शिव प्रकाश भारती को जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अपने कार्य के गति को बढ़ाएं तथा धान क्रय सेंटर को प्रातः नौ बजे खोलकर नापतोल शुरू कर दिया जाए। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने किसानों से बातचीत की और उनके समस्याओ एवं नापतोल के बारे में जानकारी ली। उन्होने केंद्र पर किसानों के लिए बैठने एवं पानी पीने की सुविधा की भी जानकारी ली।

केंद्र पर 25 प्रतिशत किसान 20 कुंटल से नीचे वाले हैं। जिलाधिकारी ने धान वजन मशीन पर धान रखकर एवं धान मापन यंत्र का भी निरीक्षण किया। जंगीपुर केंद्र पर 3375 बोरी अवशेष बचे हुए है। जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देश दिया कि केन्द्र पर किसानों को बैठने के लिए पेयजल व्यवस्था एवं` अन्य व्यवस्था करे जिससे किसानों को कोई परेशानी न होने पाये।

## अनाज का उठान कर माह में दो बार कार्डधारकों में नि:शुल्क किया जाएगा वितरित

# खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रहे कोई भी पात्र लाभार्थी: डीएम

- लापरवाही पाए जाने पर संबंधित उचित दर विक्रेता के विरूद्ध होगी कार्रवाई
- दिसंबर 2023 तक लाभुकों मिलेगा मुफ्त अनाज

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जनवरी से पूर्व हर माह दो बार खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा था। प्रथम बार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत दो रुपये प्रति किग्रा गेहूं एवं तीन रुपये प्रति किग्रा चावल वितरित हो रहा था। द्वितीय बार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत निःशुल्क चावल का वितरण हो रहा था। जनपद-गाजीपुर में कुल 635421 राशनकार्ड प्रचलन में है, जिनमें से अन्त्योदय योजना के 59537 एवं पात्र गृहस्थी के 575884 राशनकार्ड हैं।

वर्तमान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय के राशनकार्डों पर 14 किग्रा गेहूं एवं 21 किग्रा चावल कुल 35 किग्रा खाद्यान्न प्रति राशनकार्ड उपलब्ध कराया जा रहा है। जबकि पात्र गृहस्थी राशनकार्ड पर प्रति यूनिट 02 किग्रा गेहूँ एवं 03 किग्रा चावल कुल 05 किग्रा खाद्यान्न वितरित कराया जा रहा है। सरकार द्वारा जन सामान्य को भारी राहत दिए जाने का निर्णय लिया गया है। कार्डधारकों को उचित दर दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए अब कोई भी शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है। नए वर्ष में 01 जनवरी 2023 को जनपद के सभी राशन कार्डधारकों को अब निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त होगा।

बताया जाता है कि जनपद के शहरी क्षेत्रों में कुल 91 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 1519 कुल मिलाकर 1610 उचित दर दुकानें संचालित हैं। इन उचित दर दुकानों पर कुल 635421 कार्डधारक सम्बद्ध हैं। इन उचित दर दुकानों के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण माह जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक कराया जाना है।

जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि माह जनवरी 2023 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत खाद्यान्न की उठान कर सम्बन्धित कार्डधारकों में दो बार निःशुल्क (प्रथम एवं द्वितीय चक्र में) वितरित करना सुनिश्चित करें। कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रहे। इसमें लापरवाही पाए जाने पर संबन्धित उचित दर विक्रेता के विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।